तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

12 जिले की 99 स्कूलों में संचालित बालवाड़ी को प्रभावी...

11 शाला प्रबंधन समिति का गठन करने प्राचार्य ने ली...







## खबर संक्षेप

### विवेकानंद विद्यापीठ कमरौद में सीड बॉल निर्माण बीजारोपण कार्यक्रम

**बालोद।** पर्यावरण गतिविधि व संरक्षण के अंतर्गत 4 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण टीम द्वारा सीडबॉल निर्माण का बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8 बजे से स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ कमरौद में किया गया है। यह जानकारी पर्यावरण गतिविधि के संयोजक कमलकांत साहू ने दी है।

### विकास कार्यों के लिए गुंडरदेही में होगा भूमिपूजन आज

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत 4 जुलाई को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन होगा। कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों की उपस्थिति में संपन्न होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत बघमरा स्कूल में 9 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन, बस स्टैंड के पीछे मछुवारा समिति हेतु 4 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा स्टेडियम स्कूल के पास एक करोड़ रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष शेष पेज 11 पर

## परीक्षण : जिला पुलिस का वार्षिक निरीक्षण, थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक

# अनुशासन, प्रोफेशनल पुलिसिंग, तकनीकी दक्षता व जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आईजी ने दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज अभिषेक शांडिल्य ने जिला पुलिस का वार्षिक निरीक्षण, रक्षित केंद्र में पौधारोपण एवं थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वार्षिक निरीक्षण परेड में जवानों के टर्नआउट, अनुशासन एवं स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

पुलिस लाइन, रक्षित केंद्र, वाहन शाखा एवं थाना कोतवाली बालोद का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, संसाधनों एवं सीसीटीएनएस कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान महानिरीक्षक ने ऑनलाइन एफआईआर पंजीयन, सीसीटीएनएस ऑपरेटरों की कार्यकुशलता एवं एआई टूल्स के उपयोग पर दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा जिले के अन्य पुलिस अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान वार्षिक निरीक्षण परेड आयोजित की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों के टर्नआउट, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासित कार्यशैली बनाए रखने पर बल दिया, निरीक्षण परेड में उपस्थित उत्तम वेशभूषा वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कार दिया। वाहन शाखा का निरीक्षण करते हुए अभिषेक शांडिल्य ने पुलिस वाहनों की स्थिति, रखरखाव, उपयोगिता एवं उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही रक्षित केंद्र एवं अन्य शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं संसाधनों की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस दरबार में अधिकारी एवं कर्मचारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित समस्त शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए।



### कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएं

अपने उद्बोधन में पुलिस महानिरीक्षक श्री शांडिल्य ने अनुशासन, प्रोफेशनल पुलिसिंग, टीम वर्क, तकनीकी दक्षता एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से समन्वय एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए जिले में कानून–व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र बालोद परिसर में पौधारोपण किया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संदेश दिया।

### थाना प्रभारी समयबद्ध कार्रवाई करें

इसके उपरांत आईजी ने पुलिस कार्यालय बालोद में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित अपराधों एवं शिकायतों के निराकरण, महिला एवं बाल अपराध, साइबर अपराध, वारंट तामिली, गुम इंसानों की खोज, कानून–व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को गुणवत्तापूर्ण विवेचना, समयबद्ध कार्रवाई, तकनीक आधारित पुलिसिंग एवं आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश।

### एआई आधारित आधुनिक तकनीकों एवं डिजिटल टूल्स का करें उपयोग

थाना कोतवाली बालोद का निरीक्षण कर ऑनलाइन एफआईआर पंजीयन, सीसीटीएनएस कार्यों, डिजिटल अभिलेखों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। पुलिस महानिरीक्षक ने एआई आधारित आधुनिक तकनीकों एवं डिजिटल टूल्स का अधिकतम उपयोग कर पुलिस कार्यों को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

# एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा जुनवानी का स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डोंडी के अंतर्गत ग्राम पंचायत भर्रीटोला-43 के आश्रित ग्राम जुनवानी का शासकीय प्राथमिक शाला बदहाली पर आंसू बहा रहा है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए आधा महीना बीत चुका है, लेकिन यह स्कूल अब भी सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। हालात यह हैं कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी 20 छात्र-छात्राएं एक ही कमरे में एक साथ बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल में व्यवस्थाओं की पोल इसी बात से खुलती है कि शासन द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क पुस्तकों की अब तक पूरी आपूर्ति नहीं हो सकी है। कक्षा चौथी के आठ बच्चों में से तीन बच्चों को एक भी किताब नसीब नहीं हुई है, जबकि कक्षा तीसरी के छात्र हिंदी विषय की पुस्तक से महरूम हैं। इसके अलावा बच्चों को गणवेश (यूनिफॉर्म) का भी अब तक केवल एक ही सेट मिल पाया है। शाला में पहले दो शिक्षक पदस्थ थे, लेकिन शेष पेज 10 पर

- किताबें और गणवेश तक नहीं मिले बच्चों को

### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवलाल कोर्राम ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एक शिक्षक होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। अगर जल्द ही यहां शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासी अंचल के स्कूलों में शिक्षकों और किताबों की कमी से ऐसा लगता है कि शासन-प्रशासन ग्रामीण बच्चों को समुचित शिक्षा देने में नाकाम साबित हो रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### जल्द जारी होंगे आदेश : बीईओ

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया डोंडी ब्लॉक में पहले 23 स्कूल एक शिक्षकीय थे, जिनमें से 16 स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था कर दी गई है। वर्तमान में 7 स्कूल ऐसे बचे हैं जो एक शिक्षक के भरोसे हैं। संगवारी शिक्षकों का चयन कर लिया गया है। जैसे ही जिला मुख्यालय से उनकी नियुक्ति का आदेश जारी होगा, इन सभी शेष स्कूलों में पदस्थापना कर दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### गोदाम से 10 कट्टा धान ले गए चोर, मामला दर्ज

**बालोद**। गोदाम में रखे 10 कट्टा धान को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। पीड़ित किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मेढ़की निवासी भारत लाल साहू ने पुलिस को बताया कि उनका ग्राम मेढ़की से ओरमा रोड में गोदाम बना हुआ है। 28 जुलाई को अपने धान गोदाम में धान के कट्टों को व्यवस्थित रखकर शाम 6 बजे अपने गोदाम को बंद करके अपने घर वापस आ गया था। 29 जुलाई को सुबह 7 बजे धान गोदाम गया था। वहां जाकर देखा कि गोदाम के दरवाजा को जिस रस्सी से बांध कर गया था, वह खुली जमीन पर पड़ी थी। गोदाम से धान सड़क तक फैला हुआ था। चोरी होने की अंदेशा पर गोदाम के दरवाजा को खोलकर देखा तो धान गोदाम में रखे 80 कट्टा में से 10 कट्टा नहीं था। चोरों ने गोदाम के दरवाजा को खोलकर रखे 80 कट्टा धान में से 10 कट्टा चोरी कर लिया है।

### आईटीआई में विद्युतकार और फिटर के द्वितीय चरण का प्रवेश शुरू

**डोंडी**। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडी में संचालित व्यवसाय कोपा, विद्युतकार एवं फिटर में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 4 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। तीनों व्यवसायों में प्रथम चरण के प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अब रिक्त सीटों पर द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रवेश लिया जाएगा। प्रवेश के लिए निर्धारित समय-सारणी के अनुसार, संस्था में द्वितीय चरण हेतु चयनित उम्मीदवारों का प्रवेश 4 से 7 जुलाई तक किया जाएगा। पात्र उम्मीदवार अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कापी व अलॉटमेंट लेटर के साथ टीसी, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो व बैंक पासबुक इत्यादि की मूल प्रति व छायाप्रतियों के साथ संस्था में प्रवेश ले सकते हैं।

### आईटीआई में एक दिवसीय कार्यशाला लगेगी आज

**बालोद**। पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 4 जुलाई को सुबह 11 बजे से 03 बजे तक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर के प्राचार्य ने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष तक है, वे अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण–पत्र के साथ उक्त कार्यशाला में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने विकासखंड स्तर पर प्लेसमेंट कैंप

**बालोद**। जिले के 10वीं पास शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि जिले के सभी जनपद पंचायतों में एसआईएस ग्रुप द्वारा पंजीयन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को अपने–अपने स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने तथा आवेदकों व नियोजकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत गुण्डरदेही में 8 एवं 9 जुलाई, जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा में 10 एवं 11 जुलाई, जनपद पंचायत गुरूर में 13 एवं 14 जुलाई, जनपद पंचायत बालोद में 15 एवं 16 जुलाई तथा जनपद पंचायत डौण्डी में 17 एवं 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक पंजीयन कैंप आयोजित की गई है।

## निधन

### बसंत साहू



**बालोद**। ग्राम पसौद निवासी 60 वर्षीय बसंत साहू का निधन आज हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय व कोमल साहू के पिता एवं रुखमणि साहू के पति थे।

### लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी सभ्य व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं: संगीता

# नकटी में रात के अंधेरे में बेदखली और तोड़फोड़ की कार्रवाई अमानवीयः कांग्रेस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्य की भाजपा सरकार द्वारा ग्राम नकटी के 85 घरों की तोड़फोड़ कर वर्षाकाल में परिवारों को बेघर किए जाने के विरोध में एवं ग्रामवासियों को उचित न्याय दिलाने की मांग को लेकर जयस्तंभ चौक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। जिलाध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी ने बताया कि जिस तरह ग्राम नकटी में रात के अंधेरे में बेदखली और तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई है, वह अमानवीय एवं निंदनीय है। यह पूरी तरह दुर्भाग्यपूर्ण है।

■ जयस्तंभ चौक में मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

पहले सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित की जाती और उसके बाद ही कोई कदम उठाया जाना चाहिए था। संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि नकटी गांव के लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी सभ्य व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अभी तक 13 विधायकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर नकटी गाँव के गरीबों के टूटे घर, उनके दर्द, आँसू और उनके हक की लड़ाई के सम्मान में उस स्थान पर आवास लेने से इंकार कर चुके है। अब सवाल नैतिकता की बात करने वाले भाजपा नेताओं से है अगर जरा सी भी नैतिकता बची है तो भाजपा विधायक भी आगे आयें, उस स्थान पर मिलने वाले आवास छोड़ें और गरीबों के हक के साथ खड़े होने का साहस दिखाएं।

जनता को संकट में डालकर जनप्रतिनिधियों के लिए सर्वसुविधायुक्त आवास बनाने के स्थान पर नवा रायपुर में सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि उपलब्ध है, जिसका उपयोग सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सकता है।

### कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए

कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि इस पीड़ादायक और अमानवीयपूर्ण कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाई जाए और बेघर हुए प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और उचित मुआवजे की तुरंत व्यवस्था की जाए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंन्हा, शहर अध्यक्ष आंचल प्रकाश साहू, दल्ली राजहरा ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम कोसमा, बालोद महिला शहर अध्यक्ष पद्मन्नी साहू, कमल टुवानी, हसीना बेगम, रीता सोनी, चमेली साहू, राजश्री क्षत्रिय रामजी पटेल, तोसन साहू, धीरज उपाध्याय, विनोद बंटी शर्मा, कासुम्मुदीन कुरेशी, गिरीश चन्द्राकर, निर्देश पटेल, कमलेश श्रीवास्तव, रामजी भाई पटेल, इंदु यादव, फैज खान, अनिल यादव, मेघनाथ साहू, पुरुषोत्तम पटेल, सुमित शर्मा, साजन पटेल सहित कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्रा चित्रक्षी टंडन की पहल से कुए में गिरी गाय की बची जान



**बालोद**। नौ वर्षीय छात्रा चित्रक्षी टंडन पिता नुरेन्द्र कुमार टंडन की सजगता से कुए में गिरी गाय को समय पर निकालकर बचाया गया। चित्रंक्षी टंडन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मोहंदीपाठ में कक्षा चौथी की छात्रा है, जो ग्राम माहुद (अ) विकासखंड गुण्डरदेही की निवासी हैं। चित्रक्षी टंडन ने प्रातःकाल गांव में स्थित कुएं में एक गौ माता को अचानक गिरते दे। इस आपात स्थिति में चित्रक्षी टंडन ने तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल गांव के अन्य लोगों को इसकी सूचना दी। उनके समयोचित प्रयास एवं सजगता के कारण ग्रामीणों द्वारा गौ माता को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया। उनके इस उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाने हेतु विधायक कुंवर सिंह निषाद सांसद विजय बघेल दुर्ग लोकसभा, ग्रामसभा पंचायत माहुद (अ) ने अनुशंसा की।

## प्राथमिक शाला ओटेबंद में मना शाला प्रवेश उत्सव



**अंडा**। प्राथमिक शाला ओटेबंद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ओटेबंद के सरपंच जीवन लाल साहू, उपसरपंच पुखराज निर्मलकर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष खूबचंद साहू सहित खेमन चंद्राकर, उत्तम साहू, देवधर साहू, सुनीता चंद्राकर, होंबई चंद्राकर (पूर्व जनपद सदस्य), शाला के समस्त शिक्षकगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को निशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। विद्यालय परिवार ने सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

## महिला मुखिया के निधन बाद दूसरा राशन कार्ड बनाने ग्रामीण काट रहे विभाग का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी राशन कार्डों में महिला मुखिया की मृत्यु के बाद नाम परिवर्तन कराने के लिए हितग्राहियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में आवेदन जमा करने के बाद भी महीनों तक नाम न बदलने के कारण परिजनों को राशन से वंचित होना पड़ रहा है।

पीड़ित ग्रामीणों कृष्णा राम साहू, डोमन लाल चुरेंद्र व अन्य ने ग्राम पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जिस कार्य के लिए उन्हें महीनों चक्कर कटवाए गए, वह जनपद पंचायत डोंडी जाने पर मात्र एक दिन में पूरा हो गया।

इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव सुखित भुआर्य का कहना है कि पंचायत में प्राप्त आवेदनों को जनपद पंचायत डोंडी भेज दिया गया है, वहां से आते ही हितग्राहियों को सौंप दिया जाएगा। वहीं, खाद्य निरीक्षक कल्याणी मरकाम ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन जनपद पंचायत में जमा किए जाने के बाद, मुखिया का नाम परिवर्तन कर नया राशन कार्ड मात्र एक दिन में बनकर तैयार हो जाता है। सुखित भुआर्य सचिव ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने बताया की जिन हितग्राहियों का मुखिया नाम परिवर्तन के लिए ग्राम पंचायत में आया था, उसे जनपद पंचायत डोंडी में जमा करा दिया गया है, वहां से बनकर आने पर हितग्राहियों को देने की बात कही।

कल्याणी मरकाम खाद्य निरीक्षक ने हरिभूमि को बताया की राशन कार्ड में मुखिया के मृत्यु होने के बाद नाम परिवर्तन के लिए ग्राम पंचायत में आवेदन जमा करने के बाद ग्राम पंचायत द्वारा जनपद पंचायत डोंडी में जमा करने के बाद राशन कार्ड मुखिया का नाम परिवर्तन करके एक दिन में बनने की जानकारी दी।

## घर व टीन शेड से सटकर जा रही विद्युत लाइन, परिवार दहशत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के ग्राम मेडकी में मकान व टीनशेड से सटकर गुजर रही विद्युत लाइन से एक किसान का परिवार परेशान है। आरोप है कि किसान के मकान से सटकर गुजर रही विद्युत लाइन को हटाने के लिए सूचना देने के करीब 20 दिन बीत जाने पर भी शिफ्टिंग नहीं की गई। जानकारी के अनुसार, किसान के घर की दीवार और टीन शेड के बेहद करीब से बिजली का तार गुजर रहा है। बारिश और आंधी के दौरान तार के दीवार से टकराने की आशंका बनी रहती है, जिससे परिवार में लगातार डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते लाइन नहीं हटाई गई तो कभी भी बड़ा हादसे की आशंका बनी है।

■ बिजली विभाग को सूचना देने के 20 दिन बाद भी सुनवाई

**तत्काल विद्युत लाइन शिफ्ट कराई जाएः** बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू ने भी इस संबंध में लाइनमैन को सूचना देकर जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद अब तक बिजली लाइन को शिफ्ट नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विद्युत लाइन की शिफ्टिंग कराई जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

## भरर समिति में सहकारिता सप्ताह में किया पौधारोपण



**जामगांव आर**। सहकारिता मंत्रलय के स्थापना के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह 29 जून से 6 जुलाई 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को सेवा सहकारी समिति मर्या. भरर शाखा जामगांव (आर) में पौधारोपण किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार के नारद साहू द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पौधारोपण कराया गया। पर्यावरण के महत्व तथा संरक्षण के बारे में बताया गया। शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार मढरिया, पर्यवेक्षक वीरेंद्र देशमुख, समिति प्रबंधक दानेश्वर साहू, लेमेंद्र चापले, विनोद साहू, संतराम यादव, नोमेश कौशिक, दिनेश यादव, टिकेंद्र बामड़े, पीयूष एवं किसान ने पौधारोपण किया। आम अमरूद, बेल, हरसिंगार आदि के पौधे लगाया गया। समिति के प्राधिकृत अधिकारी राजेश बंछोर, कर्मचारियों ने पौधों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु जालीतार लगाया व संरक्षण का संकल्प लिया।

## सचेत, दामिनी, मेघदूत एप पूर्व में ही देंगे प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी

**बालोद**। भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू–तापघात, आदि जैसे प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी सचेत, दामिनी, मेघदूत एप से प्राप्त की जा सकती है। अपर कलेक्टर ने बताया कि जनसामान्य को प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व चेतावनी प्रदान करने सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप्प विकसित किए गए है। इसके साथ ही आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 एवं 112 जारी किया गया है। उन्होंने पुलिस, नगर सेना, जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों–कर्मचारियों के साथ–साथ ग्राम पंचायत स्तर पर पटवारी, सरपंच, सचिव, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता एवं जनसामान्य आदि के मोबाइल में सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप का उपयोग करने के साथ ही आपदा टोल फ्री नंबर 1070 एवं 112 के प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।

## वीबी जी रामजी योजना का आगाज अब 300 रुपए श्रमिकों को मजदूरी



**बालोद/निकुम**। विकसित भारत वीबी जी रामजी योजना के आगाज के अवसर पर विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत गोड़ेला के मनरेगा श्रमिक द्वारा प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही सरपंच वागीश कुमार बंजारे द्वारा श्रमिकों को प्रसाद वितरित कर मुँह मीठा कराया गया। उक्त अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच वागीश बंजारे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और अकुशल श्रमिकों के आर्थिक उत्थान के लिए केंद्र और राज्य सरकार भाजपा सरकार निरंतर बड़े फैसला लिया इस कार्य में भारत सरकार द्वारा अकुशल श्रमिकों में 39 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी किया गया, अब श्रमिकों को 269 रूपये नहीं पूरे 300 रुपए की दर से मजदूरी मिलेगी। **ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर पंचगण रघुनाथ यादव, राजेश साहू, संगीता बेलचंदन, लक्ष्मी साहू, मति रोहिणी हरमुख, कुमारी बाई चंद्राकर, साधना बांधे, बालू राम, संदीप चंद्राकर, कामेश्वरी नेताम एवं मेट गण सतीश कुर्रे, नारद साहू, टेकराम बेलचंदन, नरेंद्र बेलचंदन, झमीन साहू, सितारा बाई साहू, कालिंद्री मंडल एवं मनरेगा श्रमिक उपस्थित थे।

## कोटवारों ने विभिन्न मांगों को लेकर निकाली रैली



**डौण्डीलोहारा**। तहसील कोटवार संघ डौण्डीलोहारा के बैनर तले क्षेत्र के कोटवारों ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर रैली निकाली। रैली के माध्यम से सभी कोटवार तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र मांगों के निराकरण की मांग की। ज्ञापन में संघ ने बताया कि प्रदेश के कोटवार वर्षों से शासन-प्रशासन एवं आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है। अल्प मानदेय के कारण कोटवारों एवं उनके परिवारों का जीवन-यापन कठिन हो गया है। संघ ने कोटवारों को नियमित करते हुए राजस्व विभाग में संविलियन करने, सेवा भूमि के आधार पर दिए जा रहे मानदेय में महंगाई के अनुरूप वृद्धि करने तथा सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन सहित अन्य शासकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कोटवारों की नियुक्ति में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, पात्र पारिवारिक सदस्यों को प्राथमिकता दी जाए तथा नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा कोटवारों से बेगार या मूल दायित्वों से अलग कार्य नहीं कराए जाने, झूठी शिकायतों पर बिना निष्पक्ष जांच कार्रवाई नहीं करने तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में कोटवार नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी सभी मांगें लंबे समय से लंबित हैं। यदि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन आगामी दिनों में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील कोटवार संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कोटवार उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



## कसौंदा पंचायत में निर्मित दोनों सार्वजनिक शौचालयों में तकनिकी खामियां और अपूर्ण निर्माण की जांच हुई



तीन साल बाद भी अधूरे पड़े सार्वजनिक शौचालय

**बालोद/गुण्डरदेही**। ग्राम पंचायत कसौंदा में निर्मित दोनों सार्वजनिक शौचालयों में तकनिकी खामियां एवं अपूर्ण निर्माण होने की पुष्टि जांच में हुई है। जांच टीम ने अपना जांच प्रतिवेदन सीईओ को सौंप दिया है। जनपद प्रशासन ने कसौंदा पंचायत को 15 दिवस के अंदर समस्त खातियों को दूर कर निर्माण को पूरा करने कहा है।

हरिभूमि ने बीते 4 जून को ग्राम पंचायत कसौंदा में निर्मित दो शौचालयों की स्थिति की ओर शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। उसके बाद जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दो सदस्यीय जांच टीम गठित की थी। जांच टीम ने जांच कर अपना प्रतिवेदन सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार जांच में यह बात सामने आई है कि बाजार चौक में स्वीकृत सार्वजनिक शौचालय को बिना सक्षम अधिकारी की सहमति के स्थल परिवर्तन कर उसे शमशान घाट में बना दिया गया है। जबकि पंचायत द्वारा उसी अवधि में बनाया जा रहा अन्य सार्वजनिक शौचालय जो चण्डी मंदिर के पास बन रहा है उससे उसकी दूरी महज 200 मीटर ही होगी, अर्थात जहां आवश्यकता नहीं थी। वहां पंचायत ने मनमाने तरीके से स्थल परिवर्तन कर शौचालय बना दिया है।

बताया जा रहा है कि जांच प्रतिवेदन में यह भी स्पष्ट हुआ है कि शौचालय में टाईल्स नहीं लगा है। रैम्प का निर्माण नहीं किया गया है। महिला एवं पुरूष दोनों में युरिनल का कार्य शेष है, तकनिकि रूप से बाथरूम एवं टायलेट रूम का कार्य नहीं किया गया है। पानी का श्रोत नहीं जोड़ा गया है। मामले में पंचायत को 15 दिवस में समस्त त्रुटियों को सुधारने कहा गया है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

# हायर सेकंडरी डोंगीतराई में बनेगा अतिरिक्त कक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिले के गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगीतराई स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा के स्तर को सुधारने और छात्र–छात्राओं की सुविधा को देखते हुए पांच कमरों वाले अतिरिक्त कक्ष की सौगात दी है। शुक्रवार को स्कूल परिसर में 34.50 लाख की लागत से बनने वाले इस अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच खिलेश्वरी बमभोले ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य कौशल साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों में विकास समिति सचिव हेमंत साहू, बीरेन्द्र कुमार बमभोले, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति धनेश्वरी यदु, महेश कुमार साहू, नरेंद्र कुमार साहू, हरबन प्रसाद साहू, गोवर्धन ठाकुर, इजराम साहू, कृष्ण कुमार यादव, ईश्वरी सेन सहित नागरिक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रेच्चार और पूजा–अर्चना के साथ श्रीफल फोड़कर निर्माण कार्य की आधार शिला रखी। इस दौरान स्कूल के बच्चों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। अतिथियों का स्वागत फूलों के हार और स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना और स्कूलों में बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी ने कहा कि यह स्कूल हमारे क्षेत्र के बच्चों के सपनों को उड़ान देने वाला नया केंद्र है। डोंगीतराई और आस पास के ग्रामीण क्षेत्रें के विकास के लिए हमारी टीम लगातार प्रयासरत है। सरपंच ग्राम पंचायत डोंगीतराई खिलेश्वरी बमभोले ने कहा कि आज हमारे ग्राम पंचायत के लिए बेहद खुशी का दिन है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की बहुत पुरानी मांग आज पूरी होने जा रही है। 34.50 लाख रुपए की इस सौगात से स्कूल की व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा। मैं गाँव के सभी नागरिकों और स्कूल स्टाफ की ओर से हमारी जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर जी और सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने हमारे आग्रह को स्वीकारा और आज इस पवित्र कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

## पेज 9 के शेष

### एक शिक्षक के भरोसे ...

फरवरी 2006 में एक शिक्षक की पदोन्नति होने के बाद उनका स्थानांतरण कहीं और हो गया। परीक्षा के ऐन वक्त पर स्कूल एक शिक्षकीय हो गया था। तब शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए 23 फरवरी 2026 को विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नए शिक्षक की मांग की थी, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने सुध नहीं ली। स्कूल में फिलहाल कुल 20 बच्चे दर्ज हैं, जिनमें कक्षा पहली में 3, दूसरी में 2, तीसरी में 4, चौथी में 8 और पांचवीं में 3 छात्र शामिल हैं।

### विकास कार्यों के लिए ...

प्रमोद जैन ने सभी पार्षदगण, एल्डरमैन एवं नगर के गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### सरकारी कर्मचारी के बजाए प्लेसमेंट कर्मचारी कर रहे जन्म-मृत्यु और विवाह का पंजीयन

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा जन्म–मृत्यु एवं विवाह पंजीयन का कार्य किया जा रहा है, उसे नगर पंचायत के शासकीय कर्मचारी को सौंपा जाए। उक्त मांग नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने सीएमओ से की है। विजय सोनकर ने कहा चूंकि जन्म –मृत्यु पंजीयन बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र है, किसी व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र होने से उसकी जमीन, जयदाद, मकान, बैंक बैलसे को नामित व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर किया जा सकता है। भविष्य में किसी व्यक्ति का गलत मृत्यु प्रमाण पत्र बन जाता है और उसके साथ कोई धोखाधड़ी या अनहोनी घटना घट जाती है तो उसका जवाबदेही कौन लेगा। इसलिए जिम्मेदार शासकीय कर्मचारी जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र का प्रभारी होगा तो भविष्य में वह जवाबदेह होगा।

### गोण्डवाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक 5 जुलाई को बालोद गंजपारा स्थित श्री बड़ादेव शक्तिपीठ में दोपहर 12 बजे रखी गयी है। इसमें विगत 24 जून को हुई वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम की समीक्षा की जायेगी, साथ ही साथ समाज के संस्कृति पर भी समीक्षा की जायेगी। मीडिया प्रभारी, छग. गों.गों महासभा दिलीप नागवंशी ने बताया बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारियों, बालोद, गुरुर, गुडरदेही, डौंडीलोहारा, डौंडी, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र के अध्यक्षगण, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम ने दी।

### पेंशनर समाज गुरुर की मासिक बैठक 6 को

**गुरूर।** छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज गुरुर की मासिक बैठक 6 जुलाई को दोपहर 01 बजे से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में आयोजित की गई है। अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, नये सदस्यों की अभिनन्दन, सन 2026 के सदस्यता अभियान की समीक्षा, पावस ऋतु पर विचार अभिव्यक्ति, पिछले डी.ए.एरियर्स के भुगतान, पेंशनरों के समस्याओं के समाधान पर विचार, समसामयिक अन्य प्रस्ताव, धोखाधडी से बचाव, प्रांतीय पेंशनर समाज के चुनाव के संबंध में चर्चा व दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## आयोजन : सरस्वती साइकिल योजना : 40 छात्राओं का चन्दन टीका लगाकर साइकल किया वितरण

# शाला प्रबंधन समिति का गठन करने प्राचार्य ने ली पालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में शाला प्रबंधन समिति एसएमसी के गठन के लिए पालकों की बैठक प्राचार्य रूबी जॉनसन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए नई शाला प्रबंधन समिति एवं पालक–शिक्षक समिति के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित चयनित पालक सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से कौशल किशोर साहू को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा तथा रुपेश्वर यादव को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित के बाद समिति के सदस्यों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शासन की विभिन्न योजनाओं, समिति की जिम्मेदारियों तथा विद्यालय विकास से जुड़े प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम बैठक में शाला प्रवेश उत्सव–2026 विद्यालय अनुदान राशि के सदुपयोग, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था, विद्यालय परिसर में आवश्यक निर्माण एवं मरम्मत कार्य, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन तथा विद्यालय शुल्क से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कौशल किशोर साहू ने कहा कि शाला प्रबंधन समिति की जिम्मेदारी केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी हुई है। हमारी प्राथमिकता विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास और पालकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना होगी। सभी सदस्यों के सहयोग से विद्यालय को उत्कृष्टता की नई पहचान दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्राचार्य रूबी जॉनसन ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए समिति के सभी सदस्यों से विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उपस्थिति सदस्यों के द्वारा सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमी के 40 छात्राओं का चन्दन टीका लगाकर साइकल वितरण किया गया।



### हायर सेकंडरी की छात्राओं को बांटी गई साइकिलें



**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहारा में मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा राज्य सरकार की यह योजना बेटियों की आने–जाने के लिए बहुत अच्छा सुविधा प्रदान किया गया है, इससे बच्चों की पढ़ाई अच्छे से मन लगाकर पढ़ेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य जोसेफ चाको, सरपंच तेजेश्वरी नेताम, विधायक प्रतिनिधि धनुष सार्वा, डॉ गोपाल साहू, सत्येंद्र कुमार साहू, महेश सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, तुलाराम साहू, शंकर लाल साहू, बसंती साहू, पूर्णिमा, शिक्षक अखिलेश बघेल, जीव्ही साहू, कुर्रे एवं समस्त स्टाफ एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य एवं पालकगण उपस्थित थे।

### टटेंगा स्कूल में 28 छात्राओं को साइकिल वितरित

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य टी.एल. देवांगन के मार्गदर्शन में सरस्वती योजना की साइकिल छात्राओं को वितरित की गई। कार्यक्रम में पालकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, शाला विकास समिति के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। साइकिल प्रभारी व्याख्याता हर्षा देवांगन ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय की 28 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल प्रदान की गई है। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा योजना का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत टटेंगा के पंच दीप्ति साहू, हेमलता उर्वशा, पेमीन साहू, पुरुषोत्तम वासनिक, पुरुषोत्तम उर्वशी, ईश्वरी सुधाकर, लिलेश्वरी देवांगन, त्रिवेणी गावरे, सुषमा कौशिक सहित शाला विकास समिति के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से चंद्रमणि वासनिक, रश्मि साहू, चंद्रा देवनाथ, पावन सिन्हा, रीना बोरकर, भागवत साहू, रवि देवांगन, वेद साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोइर, सुरेंद्र नेताम, अनुराधा खरे, नीलिमा निर्मलकर, कुंदन यादव सहित शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## स्कूल समिति में करुणा अध्यक्ष और संजय बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



पूर्व माध्यमिक शाला अंडा, दुर्ग में शाला प्रबंधन समिति का गठन एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव के मार्गदर्शन में पालकों की सर्वसम्मति से करुणा चौहान को अध्यक्ष तथा संजय कन्नौजे को उपाध्यक्ष चुना गया।

समिति के पालक सदस्यों में धात्रिका चंद्राकर, थनीसा सार्वा, इन्द्राणी कन्नौजे, दुर्गा साहू, हेमीन सिन्हा, साधना सूर्यवंशी, संतोष कुमार बघेल, योगेश्वर प्रसाद, सरपंच दिग्विजय सिन्हा एवं शिक्षाविद् डी.पी. चंद्राकर को शामिल किया गया। गठन के दौरान सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को एक-एक फलदार पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं भूतपूर्व अध्यक्ष खोरबाहरा राम निर्मलकर एवं उपाध्यक्ष रमेश सेन को भी पौधा भेंट कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक सुरेंद्र कुमार सेन ने शाला प्रबंधन समिति के गठन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए समिति की जिम्मेदारियों और शाला विकास में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य एस. जांबुलकर, प्रधान पाठक विजय लक्ष्मी राव, शिक्षिका नीलिमा वर्मा, अनुरमा शुक्ला, तामेश्वर राम साहू, भीमेश्वरी चंद्राकर सहित पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के लिए विशेष नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने खीर, पूरी, दाल-चावल का आनंद लिया।

## हीरापुर के ग्रामीणों ने लिया संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में संत कबीर जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाज के भवन में किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिला–पुरुष शामिल हुए। संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प।

समाज के सदस्यों ने कबीर के दोहों का पाठ किया और उनके जीवन दर्शन पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर ने हमेशा सामाजिक समरसता, सत्य और मानवता का संदेश दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण संभव है। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज हीरापुर के प्रमुख सलाहकार व पदाधिकारी हेमंत साहू, उमेश कुमार साहू, अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष मनमुख साहू, महिला उपाध्यक्ष गायत्री साहू, सचिव बलदाऊ राम साहू, सहसचिव, किशोर कुमार साहू, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, संगठन सचिव शंतनु साहू, साहू संगठन सचिव महिला सोना बाई यादव, राम साहू, टेमीन बाई साहू, परमानंद साहू, रामप्रसाद साहू, सतानंद साहू, संतु साहू, हरिश कुमार साहू, शत्रुहन साहू, हेमराज साहू, मीडिया प्रभारी राहुल साहू, खुबलाल साहू, लेखराम साहू सहित गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने कबीर के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



## चिखलाकसा नगर पंचायत को मिले तीन नए एल्डरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पंचायत चिखलाकसा में भरत पटेल, हरजीत सिंह तथा बृजमणि यादव को एल्डरमैन के रूप में मनोनीत किया गया है। शासन के इस निर्णय के बाद शुक्रवार को तीनों एल्डरमैन ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा और जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे तथा नगर पंचायत के पार्षदों ने तीनों नवनियुक्त एल्डरमैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए नगर के विकास कार्यों में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाने का विश्वास व्यक्त किया।

शासन द्वारा किए गए इस मनोनयन को नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कुंती देवांगन अध्यक्ष, नगर पंचायत चिखलाकसा ने कहा कि तीनों एल्डरमैन के जुड़ने से नगर पंचायत की कार्यक्षमता और मजबूत होगी। सभी के सहयोग से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनहित सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। राजू रावटे उपाध्यक्ष, नगर पंचायत चिखलाकसा ने कहा कि नगर के विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। नए एल्डरमैन के अनुभव और सुझाव निश्चित रूप से नगर पंचायत के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे और विकास योजनाओं को बेहतर दिशा मिलेगी। भरत पटेल (एल्डरमैन) ने कहा कि शासन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। नगरवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता रहेगी। हरजीत सिंह एल्डरमैन ने कहा कि नगर के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।

सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य करेंगे। बृजमणि यादव (एल्डरमैन) ने कहा कि नगर पंचायत की प्रत्येक विकास योजना में जनभागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास रहेगा। नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।



## ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च से छात्रों दी शिक्षण किट

**अंडा।** ग्राम डुंडेरा में ग्रामवासियों के ओर से प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिये निशुल्क शिक्षण किट जिसमें बैग, पेन, पेन्सिल, जैसे जरुरी शिक्षण किट को ग्रामवासियों ने अपने खर्च से सभी बच्चों को निशुल्क वितरण किया। इस वितरण समारोह के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू रहे।

उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रति नवाचार कर सभी जरुरी किट उपलब्ध कराना ग्राम वासियों के लिये गौरव क़ी बात, जो गांव शिक्षा के प्रति चिंतन को दर्शाता है। लगातार शिक्षा के प्रति कार्यक्रम करने से गांव निश्चित ही विकास की ओर अग्रसर होती है। अध्यक्षता कर रही समाजसेवी रामेश्वरी दिवाकर गायकवाड, समाजसेवी सतीश यादव, दाऊ चंद्रशेखर चंद्राकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



**पहली से पांचवी तक के 100 बच्चों को दिया गया किटः** प्राथमिक शाला डुंडेरा के पहली से पांचवी तक के बच्चों को निशुल्क किट प्रदान किया गया जिसमे अच्छी बैग पेन पेन्सिल, कंपास, कैलेंडर, कॉपी रबर सहित जरुरी समान उपलब्ध था। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से पार्षद रोहित धनकर, अशोक साहू, खुमान यादव, रोमशंकर यादव, उमाशंकर साहू, चेतन साहू, समाजसेवी सतीश यादव, विजय साहू, संजय साहू, राकेश विश्वकर्मा, मनोज बंजारे, धनेश्वर साहू, वही शिक्षक के रूप मे नीलकमल साहू उपस्थित थे कार्यक्रम संचालन खुमान यादव द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन संजय साहू द्वारा किया गया, कार्यक्रम संयोजक पवन बंजारे ने किया।

## चिकित्सकों के सम्मान में झुका लौहनगरी का मस्तक

### आयोजन में सेवा और समर्पण को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर लौह अयस्क खदान समूह, राजहरा के मानव संसाधन विभाग के तत्वावधान में नगर के सिटीजन क्लब में चिकित्सकों के सम्मान में मारोह आयोजित किया गया। समाज और औद्योगिक स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में चिकित्सा सेवा को मानवता की सबसे बड़ी साधना बताते हुए चिकित्सकों के समर्पण, संवेदनशीलता और निस्वार्थ सेवा भावना को भावपूर्ण नमन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रमोद बिनायके, दल्ली यंत्रीकृत खदान के महाप्रबंधक विपिन कुमार, डॉ. किशोर कौशिक, डॉ. अशोक कुमार दास तथा उप कमांडेंट के. बानखेम उपस्थित रहे। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया, वहीं समारोह में उपस्थित सभी चिकित्सकों का गुलाब पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया।



मानव संसाधन विभाग के प्रमुख शैलेश पटनायक ने कहा कि चिकित्सक विषम परिस्थितियों और अत्यधिक मानसिक दबाव के बीच भी रोगियों के जीवन में आशा और विश्वास का संचार करते हैं। उनका सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

मुख्य अतिथि आरबी गहरवार ने कहा कि चिकित्सक बनना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक कठिन अपने दायित्वों का संवेदनशीलता, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की सेवाएं समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।

डॉ. प्रमोद बिनायके ने युवाओं से चिकित्सा क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए सेवा भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। महाप्रबंधक विपिन कुमार ने कहा कि चिकित्सक पीड़ित और निराश लोगों के जीवन में आशा, विश्वास और नई ऊर्जा का संचार करते हैं, इसलिए उनका स्थान समाज में अत्यंत सम्माननीय है।

डॉ. किशोर कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें और अधिक समर्पण के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। ज्योति चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. एके ठाकुर ने कहा कि रोगियों की सेवा ही चिकित्सक का सर्वोच्च धर्म है। डॉ. अशोक कुमार दास ने कहा कि चिकित्सक स्वयं को भगवान नहीं मानते, बल्कि प्रत्येक रोगी को भगवान का स्वरूप मानकर उसकी सेवा करना ही सच्ची चिकित्सकीय साधना है।

कार्यक्रम का संचालन श्रम कल्याण अधिकारी घनश्याम पारकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक तन्मयी ने किया। समारोह में डॉ. सीके दास, डॉ. इम्मानुएल मैसी, डॉ. धीरज शर्मा, डॉ. हिमानी गुप्ता, डॉ. शशांक अग्रवाल, डॉ. अमित पांडे, डॉ. निलेश चंद्रा, डॉ. परोमिता दास गुप्ता, डॉ. देव प्रकाश महतो, डॉ. अजय जांगड़े, डॉ. विकास प्रधान, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. शिवप्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### जीबीजी रामजी योजना के शुभारंभ पर 350 पौधों का रोपण



**गुरूर।** ग्राम पेण्डरवानी में जीबीजी रामजी योजना के शुभारंभ पर पौधारोपण अभियान चलाकर 350 पौधों का रोपण ग्राम के विभिन्न जगहों पर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने किया। जिला पंचायत सदस्य तेज राम साहू, जनपद सदस्य लक्ष्मी साहू, ममता गौतम, संध्या साहू, लता लक्ष्मी चंद साहू, सरपंच त्रिलोकी साहू, शिव, उमेश रात्रे, देवांगन एवं जनपद के समस्त स्टाफ का ग्रामवासीगंण पंचगण उपस्थित थे।

## योजना : अब मजदूरों को 300 रुपए प्रतिदिन की रोजी मिलेगी

# गुरुर में वीबी-जी राम जी योजना लागू ग्रामीणों को 125 दिनों का मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत वीबी–जी राम जी लागू होने के बाद अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार अधिकार मिलेगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख और जनसेवक राकेश यादव ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया।

नगर में एक मुलाकात के दौरान तीनों नेताओं ने कहा राज्य शासन द्वारा ग्रामीण परिवारों को आजीविका एवं रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 जुलाई से वीबी–जीरामजी विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन–ग्रामीण योजना लागू कर दी गई है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रदेशभर में जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख एवं जनसेवक राकेश यादव ने योजना का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला, ग्राम के मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला तथा ग्रामीण समस्याओं को भी उठाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।







यशवंत जैन ने कहा कि वीबी–जीरामजी योजना ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। अब मजदूरों को 300 रूपये रोजी मिलेगी। प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्श में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी।

चेमन देशमुख ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला स्तर पर लगातार प्रशिक्षण, बैठकें और ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी जा रही है। इससे गांवों में रोजगार के साथ–साथ विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी।

राकेश यादव ने कहा कि योजना के तहत जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े कायोंर् के साथ ग्राम के विकास से जुड़े कार्यो को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। मनरेगा के अंतर्गत संचालित सभी कार्य पूर्ववत जारी रहेंगे और नई योजना लागू होने से रोजगार के अवसरों में और अधिक वृद्धि होगी। इससे ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ेगी और गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

तीनों नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि वीबी–जीरामजी योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हैं, मजदूरो को समयबद्व भुगतान की भी उसमे गारंटी है, यदि समय पर भुगतान नही होता है तो मजदूरो को नियमानुसार ब्याज सहित भुगतान करने का प्रावधान है, यह पंचायतों को अधिक सशक्त बनाने, पारदर्शी व्यवस्था विकसित करने और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



## सेवानिवृत शिक्षक ने शुरू किया फुलवारी सजाने का कार्य

हरिभूमि न्यूजःगुण्डरदेही

गांव के मुक्तिधाम को चमन बनाने के लिए जोरातराई के सेवानिवृत शिक्षक रोमन सिंह साहू ने अनोखी पहल की है। यहां 80 फीट लंबा 40 फीट चौड़े क्षेत्र में स्वयं के व्यय से तार घेरा कर फुलवारी सजाने का काम किया गया है, जिसमें कोई भी ग्रामवासी अपनी स्वेच्छा से सुगंधित फूल पौधा लगा सकते हैं, उसमें पानी, खाद, डालकर पौधो को जीवित रखने की जिम्मेदारी खुद रोमन सिंह उठाएंगे।

रोमन सिंह गायत्री परिवार के विचारधारा से जुड़े हुए हैं। ज्ञात हो कि इस ग्राम के प्रमुखों ने पूर्व से ही इस परिसर में बरगद, पीपल, नीम आदि के पौधे पर्याप्त संख्या में लगा चुके हैं।

उपरोक्त फुलवारी रोपण के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य कौशल कुमार साहू, तहसील साहू संघ के संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, परिक्षेत्र अध्यक्ष रवि कुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश साहू, सरपंच बृजलाल साहू, डां तेजराम साहू, पंच कुमार साहू, पुरुषोत्तम साहू, परमानंद साहू, दूज राम, ललित कौशिक, सोमनाथ उपस्थित थे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ का मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारी पारा बालोद में 6 जुलाई सोमवार को 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष पेंशन धारी कल्याण संघ डॉ.आरएम. चावड़ा ने बताया कि बैठक प्रान्तीय स्तर पर किये गये गतिविधियों की जानकारी के साथ माह जुलाई में पेंशनरों के इनकम टेक्स रिटन भरने सम्बंधित जानकारी भी दी जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्‌टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जिले की 99 स्कूलों में संचालित बालवाड़ी को प्रभावी बनाने डीआरजी सदस्यों की बैठक

**व्यावसायिक विकास और प्रशिक्षण कैलेंडर पर विस्तार से चर्चा की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के 99 स्कूलों में संचालित बालवाड़ी कार्यक्रम को प्रभावी बनाने डीआरजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी रायपुर, समग्र शिक्षा कार्यालय एवं अह्वान ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से बालोद जिले के 99 विद्यालयों में संचालित बालवाड़ी कार्यक्रम प्रोजेक्ट बुनियाद के अंतर्गत जिला संसाधन समूह डीआरजी सदस्यों की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र की अकादमिक रणनीति, शिक्षक सहयोग, कक्षा अवलोकन, शिक्षण–अधिगम सामग्री टीएलएम के प्रभावी उपयोग, शिक्षक प्रशिक्षण कैलेंडर, अभिभावक सहभागिता तथा डीआरजी की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। यह कार्यक्रम बालोद जिले के जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे एवं जिला मिशन समन्वयक अवन जांगड़े के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। बैठक का नेतृत्व एपीसी होमन देशमुख एवं एपीसी राजेंद्र कुमार देवांगन ने किया, ट्रस्ट की ओर से तुकाराम टेखरे एवं प्रेम नारायण वर्मा ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी ब्लॉक के बीआरसीसी भी उपस्थित रहे।



बैठक में जिले के सभी 22 जिला संसाधन समूह डीआरजी सदस्य शामिल हुए, जो विद्यालयों में नियमित अकादमिक सहयोग एवं मेंटरिंग प्रदान कर रहे हैं। बैठक में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालयों की तैयारी, बाल–अनुकूल वातावरण, शत–प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति, स्थानीय शिक्षण सामग्री के उपयोग, कक्षा अवलोकन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा वर्ष 2026–27 के शिक्षक व्यावसायिक विकास एवं प्रशिक्षण कैलेंडर पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में यह भी तय किया गया कि डीआरजी सदस्य विद्यालयों में नियमित कक्षा अवलोकन, शिक्षकों को शैक्षणिक मार्गदर्शन, व्हाट्सएप आधारित पियर लर्निंग समूहों का संचालन, जूम मास्टरक्लास में सहभागिता तथा नवाचारी शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे, जिससे बालवाड़ी कार्यक्रम की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ हो सके।




